# बिहार सरकार
## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
## संकल्प

**विषयः— बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0 आई0 टी0) मेसरा, रॉची का पटना में स्थापित विस्तार केन्द्र के लिए विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना एवं बी0 आई0 टी0, मेसरा, रॉची के बीच किये गये समझौता ज्ञापन (MoU) की अवधि को दिनांक—17.12.2015 से 16.12.2030 तक विस्तारित किये जाने के संबंध में।**

राज्य में स्नातक स्तर में अभियंत्रण शिक्षा का सुदृढीकरण करने एवं युवा पीढ़ी को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंत्रीपरिषद में स्वीकृति के उपरांत विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या—542 दिनांक— 09.03.2006 के द्वारा राज्य में बिड़ला इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी० आई० टी०), मेसरा, रॉची का पटना में विस्तार केन्द्र की रू० 40.00 करोड़ (चालीस करोड़ रूपये मात्र) का पूंजीगत निवेश करते हुए स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई थी। विस्तार केन्द्र की स्थापना हेतु बिहार सरकार द्वारा प्रशासनिक, शैक्षणिक और आवासीय भवनों के निर्माण सहित नये पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने हेतु अन्य आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए अब तक कुल बी0 आई0 टी0, मेसरा को 25 एकड़ भूमि एवं गैर आवर्ती प्रारंभिक सहायता के रूप में **रू० 50.159 करोड़ (पचास करोड़ पंद्रह लाख नब्बे हजार रूपये)** मात्र आवंटित किया गया था।

**2.** पटना में स्थापित विस्तार केन्द्र बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0 आई0 टी0) (मानित विश्वविद्यालय) मेसरा, रॉची, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित नियमों और अपने कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित विनियमों द्वारा शासित है, जिसे इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, एप्लाईड साईंस, मैनेजमेन्ट, आर्किटेक्चर, फार्मेसी आदि के क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट कार्यक्रम प्रदान करने वाले एक अग्रणी संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो राज्य (बिहार) के युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान कर रहा है, जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर पर 50 प्रतिशत सीट केवल बिहार राज्य के भौगोलिक क्षेत्र में अवस्थित महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्रों हेतु आरक्षित है। विस्तार केन्द्र में नामांकन भारत सरकार द्वारा अधिकृत एजेन्सी से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सयुंक्त प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा और वर्तमान में JEE Mains के माध्यम से किया जाता है।

**3. बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0 आई0 टी0) मेसरा, रॉची का पटना में स्थापित विस्तार केन्द्र के लिए विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना एवं बी0 आई0 टी0, मेसरा, रॉची के बीच किये गये समझौता ज्ञापन (MoU) की अवधि को दिनांक—17.12.2015 से 16.12.2030 तक विस्तारित किये जाने की स्वीकृति पर हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) अनुलग्नक—01 के रूप में संलग्न है।**

**4.** यह संकल्प मंत्रिपरिषद् की दिनांक–06.05.2026 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या–09 पर लिए गये निर्णय के आलोक में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०–वि० प्रा० (III) यो०–33/2015 के पृ० 123/टि० पर प्राप्त है।

**आदेशः–** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाय।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

ह०/–

**(अहमद महमुद)**
अपर सचिव–सह–निदेशक,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक :– वि० प्रा० (III) यो०–33/2015/ /पटना, दिनांक**

**प्रतिलिपिः–** प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/कुलपति/कुलसचिव, बी०आई०टी० मेसरा, राँची/निदेशक/सहायक कुलसचिव, बी०आई०टी० मेसरा, (विस्तार केन्द्र) पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अपर सचिव–सह–निदेशक,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक :– वि० प्रा० (III) यो०–33/2015/** 3106 **/पटना, दिनांक** 26.05.26

**प्रतिलिपि :–** माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव–सह–निदेशक के कोषांग/सभी पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**अपर सचिव–सह–निदेशक,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।